हरिभूमि - 17.3.21

मार्च 2021

## शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया यहां कुर्बान हुए 356 शहीद

# दांडी मार्च की वर्षगांठ पर निकाली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

च्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वतंत्रता की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत होत्सव दांडी मार्च की वर्षगांठ पर शासकीय ल्र्स कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की ध्यक्षता में साइकिल रैली निकाली गई। ंगलवार को सुबह 11 बजे कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को वाना किया। यह रैली कॉलेज से कलेक्ट्रेट, बस टैंड होते हुए शहीद स्मारक पर जाकर पहुंचकर समाप्त हुई। शौर्य स्मारक पर जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. राजेश बकोरिया ने सीहोर जिले मंख शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को बताया। भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. अनूप सिंह, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, शिवम सक्सेना, बृजेश विश्वकर्मा



ने भी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यहां पर कुर्बान हुए 356 शहीदों को नमन किया तथा उनकी कुर्बानी के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। उपस्थित सभी छात्राओं ने श्रद्धांजलि दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने शहीदों को नमन करते हुए रैली में सहभागी समस्त स्टाफ एवं छात्राओं का आभार माना। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 12 मार्च 2021 को वेबिनार का भी आयोजन किया गया था। जिसमें कॉलेज स्टाफ एवं छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए थे। कार्यक्रम प्रभारी राम विकास प्रजापति के मार्गदर्शन में संपन्न किया।

## विद्यार्थियों को दी दांडी मार्च यात्रा के बारे में जानकारी

इछावर। शासकीय कॉलेज इछावर में मध्यप्रदेश शासन मध्यप्रदेश शासन के
निर्देशानुसार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी के अमृत महोत्सव
कार्यक्रम के मंगलवार को साइकिल रैली दांडी मार्च की वर्षगांठ पर निकाली
गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरबी मरकाम ने हरी झंडी दिखाकर दांडी मार्च में
शामिल विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की साइकिल
और पैदल यात्रा का प्रारंभ शासकीय कॉलेज से शुरू होकर ऐतिहासिक स्थल
पुरानी तहसील की गढ़ी जहां कभी ऐतिहासिक किला हुआ करता था। यहां से
विलीनीकरण आंदोलन की शुरुआत इछावर नगर के स्वतंत्रता संग्राम
सेनानियों ने की थी तक और नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
में स्थित शहीद स्तंभ तक रैली निकाली गई। इसके पश्चात प्रोफेसर एसी
राठौर ने दांडी मार्च की वर्षगांठ पर महात्मा गांधी की दांडी मार्च यात्रा का
उद्देश्य, यात्रा की दूरी, दांडी मार्च में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की संख्या
और यात्रा की अवधि पर विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। रैली का
समापन शहीद स्थल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इछावर में किया
गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं रामनारायण, विजेंद्र
मालवीय, शिवानी वर्मा, बनारस ने विशेष योगदान दिया। कॉलेज के शिक्षक
प्रोफेसर राठौर, शरद मेश्राम, कल्याणी परमार, दीप्ति चौरसिया, नेहा मालवी
उपस्थित थे। आभार श्री मेश्राम ने माना।

2

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

वेव. : www.ggcsehore.in/


## // प्रेस विज्ञप्ति //

## मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 जनवरी 2021

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 2021 को मद्य निषेध दिवस का आयोजन महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ओर राष्ट्रीय सेवा योजनना के सम्मिलित तत्वावधान में किया गया। मद्य निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में शपथ ग्रहण का आयोजन कर, ***"मद्य निषेध संकल्प पत्र और शपथ"*** पत्रों को भरवाया गया।

महाविद्यालय में छात्राओं को मद्य निषेध विषय पर निबंध लिखने के लिये प्रेरित किया गया। ऑनलाइन बेवीनार के माध्यम से छात्राओं को मद्य निषेध विषय पर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। तथा उन्हे इस बात के लिए प्रेरक के रूप में अपने आस–पास के लोगों में मद्यपान की बुराईयां और समस्याओं से अवगत कराने के लिए, ***"संकल्प तथा शपथ"*** पत्रों को भरवान के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।

शपथ में महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी, श्री रामविकास प्रजापति, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जी.एल.जैन के अलावा वरिष्ठ प्राध्यापक एवं रा.से.यो. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री तथा महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



4











# सीहोर में मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया गया




**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 30 जनवरी 2021 को मद्य निषेध दिवस का आयोजन महाविद्यालय के राजनीति विभाग, विज्ञान और राष्ट्रीय सेवा योजना के सम्मिलित तत्वावधान में किया गया मद्य निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में शपथ ग्रहण का आयोजन कर मद्य निषेध संकल्प पत्र और शपथ पत्रों को भरवाया गया महाविद्यालय में छात्राओं को मध्य मद्य निषेध दिवस पर मद्य निषेध विषय पर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें इस बात के लिए प्रेरक के रूप में अपने आसपास के लोगों में मद्यपान की बुराइयां और समस्याओं से अवगत कराने के लिए संकल्प तथा शपथ पत्रों को भरवाने के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई शपथ में महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्री पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी श्री राम विकास प्रजापति वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर जी एल जैन के अलावा वरिष्ठ प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री तथा महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

भोपाल, मंगलवार 16 मार्च 2021
haribhoomi.com

# अपराधों को जगरूकता से रोकना आवश्यक है: डॉ. सुमन तनेजा

## बाल संरक्षण क्लब की प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बाल संरक्षण क्लब के तहत व्याख्यान और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं को शिक्षा के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों के प्रति रुचि एवं उत्सांह के लिए बधाई देते हुए सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के युग के कुछ सामाजिक अपराध जैसे बालविवाह, अशिक्षा, बलात्कार आदि को जागरूकता के माध्यम से रोकना अति आवश्यक है और छात्राओं का इस क्षेत्र में यह सराहनीय कदम है। जिला संगठन रासेयो एवं डॉ. राजेश बकोरिया और आईक्यूएससी प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने भी छात्राओं को बाल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण क्लब की अध्यक्ष अनुष्का राय ने पीपीटी के माध्यम से सभी छात्राओं को बाल



अपराध, बालविवाह, भिक्षावृत्ति, गुड और बैड टच, यौन शोषण आदि को विस्तृत रूप से बताया। साथ ही छात्राओं से अपने आसपास हो रहे अपराधों की जरा सी भी जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करने का अनुरोध किया। अनुष्का राय और टीम ने बाल विवाह विषय पर नुक्कड़ नाटक भी माता मंदिर परिसर में किया। बाल संरक्षण क्लब द्वारा आयोजित रंगोली, पोस्टर, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं के लिए समस्त प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार तथा प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथियों ने किया। अनुष्का राय को बाल संरक्षण में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए विशेष रूप से प्राचार्य तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने सम्मानित किया गया।

समस्त कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अनुष्का राय, अंजली राय, पूजा सेन, आरती ठाकुर, मंजू मेवाड़ा, वर्षा गौर, आयुषी गुप्ता, पूजा कुशवाहा, दीपा दांगी, दीपिका सेन का सहयोग रहा।